# TOPPERSEXAM.COM

16-09-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

# TOPPERSEXAM.COM

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने जीता 2026 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब
- भारत ने रिकॉर्ड 8वीं बार जीता महिला एशिया कप
- जूनियर एशिया कप 2026 में भारत का स्वर्णिम दोहरा खिताब
- भारत में पहली बार WCEF 2026—चक्रीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा वैश्विक मंच
- अगस्त 2026 में WPI मुद्रास्फीति बढ़कर 9.92% — ईंधन व बिजली में तेज मूल्य दबाव
- भारत के 'कृत्रिम सूर्य' मिशन में बड़ी उपलब्धि—SST-1 टोकामाक में 82.6 GHz जाइरोट्रॉन स्थापित
- 18वें BRICS शिखर सम्मेलन में 'ग्लोबल साउथ' और ठोस परिणामों पर भारत का जोर
- विश्व ओजोन दिवस — ओजोन परत संरक्षण और वैश्विक पर्यावरणीय सहयोग

## 1. अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने जीता 2026 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने बेन शेल्टन को हराकर 2026 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में शेल्टन को 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 से मात दी। इस जीत के साथ ज़्वेरेव ने 2026 में अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। शेल्टन के शानदार प्रदर्शन के बावजूद अमेरिकी पुरुषों का यूएस ओपन खिताब का इंतजार जारी रहा; एंडी रॉडिक 2003 के बाद अंतिम अमेरिकी चैंपियन हैं।



## 2. भारत ने रिकॉर्ड 8वीं बार जीता महिला एशिया कप

भारत ने श्रीलंका को हराकर महिला एशिया कप का खिताब रिकॉर्ड आठवीं बार जीत लिया और पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहा। शेफाली वर्मा ने 24 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक बनाया, जबकि स्मृति मंधाना ने 59 रन बनाकर भारत को मजबूत शुरुआत दी। भारत ने 183/5 का स्कोर बनाया और भारतीय स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंका को लक्ष्य हासिल करने से रोक दिया। यह जीत 2024 के फाइनल में श्रीलंका से मिली हार का बदला भी रही और महिला क्रिकेट में भारत के दबदबे को मजबूत किया।



## 3. जूनियर एशिया कप 2026 मे भारत का स्वर्णिम दोहरा खिताब

भारत ने चीन के मोकी में आयोजित AHF जूनियर एशिया कप 2026 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर डबल चैंपियनशिप हासिल की। भारतीय महिला टीम ने चीन को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार खिताब जीता, जिसमें सानिका चंद्रकांत माने ने निर्णायक गोल किया। भारतीय पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर छठी बार जूनियर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। अनमोल एक्का 17 गोल के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष गोल स्कोरर रहे, जबकि विवेक लकरा के शानदार गोलकीपिंग प्रदर्शन ने भी भारत की सफलता में योगदान दिया।



## 4. भारत मे पहली बार WCEF 2026—चक्रीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा वैश्विक मंच

World Circular Economy Forum (WCEF) 2026 का आयोजन 15 से 18 सितंबर तक गांधीनगर, गुजरात में किया जा रहा है, जो दक्षिण एशिया में इसका पहला आयोजन है। इसका विषय "Circular Economy: Transformation for People and Prosperity" है, जिसमें संसाधनों के पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और सतत उत्पादन पर जोर दिया गया है। 65 से अधिक देशों के 2,000 से अधिक प्रतिनिधि वित्त, निवेश, नवाचार, डिजिटलीकरण, प्रौद्योगिकी और टिकाऊ विकास पर चर्चा करेंगे। WCEF 2026 भारत की Global South में भूमिका, सतत उपभोग एवं उत्पादन और चक्रीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करेगा।



### 5. अगस्त 2026 में WPI मुद्रास्फीति बढ़कर 9.92% — ईंधन व बिजली में तेज मूल्य दबाव

अगस्त 2026 में भारत की WPI आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर 9.92% हो गई, जो जुलाई में 9.78% थी और WPI का आधार वर्ष 2022-23 है। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में सबसे अधिक 22.93% मुद्रास्फीति दर्ज हुई, जबकि प्राथमिक वस्तुओं में 7.76% और निर्मित उत्पादों में 8.37% रही। WPI खाद्य सूचकांक की मुद्रास्फीति भी बढ़कर 7.05% हो गई, जिससे खाद्य पदार्थों पर बढ़ते मूल्य दबाव का संकेत मिलता है। WPI थोक कीमतों को मापता है, जबकि CPI खुदरा कीमतों को मापता है और RBI की मौद्रिक नीति में CPI आधारित मुद्रास्फीति प्रमुख संकेतक है।




### 6. भारत के 'कृत्रिम सूर्य' मिशन में बड़ी उपलब्धि—SST-1 टोकामाक में 82.6 GHz जाइरोट्रॉन स्थापित

गुजरात के Institute for Plasma Research में SST-1 टोकामाक पर 82.6 GHz, 400 kW जाइरोट्रॉन स्थापित किया गया है, जिससे नियंत्रित परमाणु संलयन अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। SST-1 में सूर्य जैसी संलयन प्रक्रिया के लिए अत्यधिक गर्म प्लाज्मा को चुंबकीय परिरोधन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। नया जाइरोट्रॉन उच्च-आवृत्ति माइक्रोवेव ऊर्जा से प्लाज्मा को गर्म करने और लंबे समय तक बनाए रखने में सहायता करेगा। नियंत्रित संलयन भविष्य की संभावित स्वच्छ ऊर्जा तकनीक है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा और कम-कार्बन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



### 7. 18वें BRICS शिखर सम्मेलन में 'ग्लोबल साउथ' और ठोस परिणामों पर भारत का जोर

नई दिल्ली में 18वें BRICS शिखर सम्मेलन के समापन पर भारत ने 2027 के 19वें BRICS शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए चीन को अध्यक्षता सौंपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने BRICS में घोषणाओं के बजाय ठोस और परिणाम-आधारित सहयोग पर जोर दिया तथा Global South के हितों को प्राथमिकता देने की बात कही। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी अंतरराष्ट्रीय मामलों में BRICS की सक्रिय भूमिका और Global South के हितों के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने पर बल दिया। शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-चीन द्विपक्षीय वार्ता ने बहुपक्षीय सहयोग, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक शासन के संदर्भ में BRICS के महत्व को रेखांकित किया।




### 8. विश्व ओजोन दिवस — ओजोन परत संरक्षण और वैश्विक पर्यावरणीय सहयोग

विश्व ओजोन दिवस हर वर्ष 16 सितंबर को ओजोन परत के संरक्षण और उसके महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। 16 सितंबर 1987 को मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने 1994 में इस दिन को विश्व ओजोन दिवस घोषित किया। CFCs, हैलोन और अन्य ओजोन-क्षयकारी पदार्थों से ओजोन परत को नुकसान पहुँचता है, जिससे मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकते हैं। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और 2016 के किगाली संशोधन ने ओजोन संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा भारत भी इसका पक्षकार है।



1. 2026 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब किसने जीता ?

A - बेन शेल्टन
B - अलेक्जेडंर ज़्वेरेव
C - एंडी रॉडिक
D - जानिक सिनर

जर्मनी के अलेक्जेडंर ज़्वेरेव ने बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 से हराकर 2026 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब जीता। इस जीत के साथ ज़्वेरेव ने 2026 का अपना दूसरा ग्रैडं स्लैम खिताब हासिल किया, जबकि एंडी रॉडिक 2003 के बाद अंतिम अमेरिकी पुरुष यूएस ओपन चैंपियन है।



2. भारत ने महिला एशिया कप का खिताब कितनी बार जीता है ?

A - छठी बार
B - सातवीं बार
C - आठवीं बार
D - नौवीं बार

भारत ने श्रीलंका को हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार महिला एशिया कप का खिताब जीता और पूरे टूर्नामेटं मे अपराजित रहा। शेफाली वर्मा के सबसे तेज अर्धशतक और स्मृति मंधाना की 59 रन की पारी के बाद भारतीय स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत सुनिश्चित की।




3. AHF जूनियर एशिया कप 2026 मे भारत ने कितने वर्गों मे खिताब जीता ?

A - एक
B - दो
C - तीन
D - चार

भारत ने चीन के मोकी मे आयोजित AHF जूनियर एशिया कप 2026 मे पुरुष और महिला दोनों वर्गों का खिताब जीतकर डबल चैंपियनशिप हासिल की। महिला टीम ने चीन को 1-0 और पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया; अनमोल एक्का 17 गोल के साथ शीर्ष स्कोरर रहे।



4. WCEF 2026 मे कितने से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे है ?

A - 25
B - 40
C - 50
D - 65

World Circular Economy Forum (WCEF) 2026 का आयोजन 15–18 सितंबर 2026 तक गांधीनगर, गुजरात मे किया जा रहा है, जो दक्षिण एशिया मे इसका पहला आयोजन है। "Circular Economy: Transformation for People and Prosperity" थीम वाला यह मंच 65+ देशों के 2,000+ प्रतिनिधियों के माध्यम से सतत उत्पादन, पुनर्चक्रण, नवाचार और Global South सहयोग को बढ़ावा देगा।



**5. अगस्त 2026 मे भारत की WPI मुद्रास्फीति कितनी रही ?**

A - 7.76% | B - 8.37%

**C - 9.92%** | D - 22.93%

अगस्त 2026 मे भारत की WPI मुद्रास्फीति बढ़कर 9.92% हो गई, जबकि जुलाई मे यह 9.78% थी; ईंधन एवं बिजली क्षेत्र मे सर्वाधिक 22.93% मुद्रास्फीति दर्ज हुई। WPI का आधार वर्ष 2022-23 है और यह थोक कीमतों को मापता है, जबकि CPI खुदरा कीमतों को मापता है तथा RBI की मौद्रिक नीति मे CPI प्रमुख संकेतक है।



**6. SST-1 टोकामाक कहाँ स्थित है ?**

A - महाराष्ट्र | **B - गुजरात**

C - तमिलनाडु | D - राजस्थान

गुजरात के Institute for Plasma Research मे SST-1 टोकामाक पर 82.6 GHz, 400 kW जाइरोट्रॉन स्थापित किया गया है, जो प्लाज्मा को गर्म करने और नियंत्रित परमाणु संलयन अनुसंधान मे मदद करेगा। नियंत्रित परमाणु संलयन को भविष्य की संभावित स्वच्छ और कम-कार्बन ऊर्जा तकनीक माना जाता है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



**7. 19वे BRICS शिखर सम्मेलन की मेजबानी कौन करेगा ?**

A - भारत | **B - चीन**

C - रूस | D - ब्राजील

नई दिल्ली मे 18वे BRICS शिखर सम्मेलन के समापन पर भारत ने 2027 के 19वे BRICS शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता चीन को सौंपी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठोस और परिणाम-आधारित सहयोग पर जोर दिया। शी जिनपिंग ने BRICS मे Global South के हितों और अंतरराष्ट्रीय भूमिका को मजबूत करने की बात कही तथा सम्मेलन मे भारत-चीन द्विपक्षीय वार्ता भी हुई।




**8. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कब हुए थे ?**

A - 1972 | B - 1985

**C - 1987** | D - 1994

विश्व ओजोन दिवस 16 सितंबर को मनाया जाता है; इसी दिन 1987 मे मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर हुए और 1994 मे संयुक्त राष्ट्र ने इसे विश्व ओजोन दिवस घोषित किया। CFCs व अन्य ओजोन-क्षयकारी पदार्थों से ओजोन परत को नुकसान पहुँचता है, जबकि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और 2016 के किगाली संशोधन ने इसके संरक्षण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



# One Liner

1. SST-1 टोकामाक पर स्थापित नए जाइरोट्रॉन की आवृत्ति और शक्ति कितनी है ? - 82.6 GHz और 400 kW

2. WCEF 2026 का आयोजन भारत के किस शहर मे किया जा रहा है ? - गांधीनगर, गुजरात

3. महिला T20 एशिया कप मे सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी कौन बनीं ? - शेफाली वर्मा

4. 2026 यूएस ओपन फाइनल मे अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने किस अमेरिकी खिलाड़ी को हराया ? - बेन शेल्टन

5. AHF जूनियर एशिया कप 2026 मे पुरुष वर्ग मे सर्वाधिक 17 गोल किस भारतीय खिलाड़ी ने किए ? - अनमोल एक्का

6. भारत ने महिला एशिया कप का खिताब रिकॉर्ड कितनी बार जीता ? - आठवीं बार

7. अगस्त 2026 मे भारत की WPI आधारित मुद्रास्फीति कितनी रही ? - 9.92%

8. 2026 यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब किसने जीता ? - अलेक्जेंडर ज़्वेरेव

9. विश्व ओजोन दिवस प्रत्येक वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ? - 16 सितंबर

10. AHF जूनियर एशिया कप 2026 मे भारत ने किन दो वर्गों मे खिताब जीता ? - पुरुष और महिला हॉकी

# TOPPERSEXAM.COM

16-09-2026





# CURRENT AFFAIRS





## HIGHLIGHTS

- INTERNATIONAL NEWS
- NATIONAL AFFAIRS
- BANKING NEWS
- AWARDS NEWS
- DEFENCE NEWS
- SPORTS NEWS
- SCI-TECH NEWS

7891099005, 7891099006

## TODAY NEWS HIGHLIGHT

- Alexander Zverev won the 2026 US Open men's singles title
- India won the Women's Asia Cup for a record 8th time
- India's golden double at Junior Asia Cup 2026
- WCEF 2026 to be held in India for the first time – Circular Economy to get a global platform
- WPI inflation rises to 9.92% in August 2026 – sharp price pressures in fuel and power
- India's 'Artificial Sun' mission achieves a major milestone—installation of an 82.6 GHz gyrotron in the SST-1 tokamak
- India's emphasis on 'Global South' and concrete outcomes at the 18th BRICS Summit
- World Ozone Day – Ozone Layer Protection and Global Environmental Cooperation

## 1. Alexander Zverev Wins 2026 US Open Men's Singles Title



**Germany's Alexander Zverev won the 2026 US Open men's singles title by defeating Ben Shelton. He beat Shelton 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 in the final. With this victory, Zverev secured his second Grand Slam title of 2026. Despite Shelton's impressive performance, the wait for an American male US Open champion continues; Andy Roddick remains the last American champion, having won in 2003.**

## 2. India Wins Women's Asia Cup for a Record 8th Time



**India defeated Sri Lanka to clinch the Women's Asia Cup title for a record eighth time, remaining unbeaten throughout the tournament. Shafali Verma scored the fastest half-century off just 24 balls, while Smriti Mandhana provided a strong start by scoring 59 runs. India posted a total of 183/5 and, backed by a brilliant performance from the spinners, prevented Sri Lanka from reaching the target. This victory also served as redemption for the loss against Sri Lanka in the 2024 final and reinforced India's dominance in women's cricket.**

## 3. India's Golden Double Title at the Junior Asia Cup 2026



**India achieved a double championship victory by winning gold medals in both the men's and women's categories at the AHF Junior Asia Cup 2026, held in Moki, China. The Indian women's team secured their third consecutive title by defeating hosts China 1-0, with Sanika Chandrakant Mane scoring the decisive goal. The Indian men's team clinched their sixth Junior Asia Cup title by defeating South Korea 4-1. Anmol Ekka emerged as the tournament's top scorer with 17 goals, while Vivek Lakra's brilliant goalkeeping also contributed to India's success.**

## 4. WCEF 2026 in India for the First Time—A Global Platform for the Circular Economy




**The World Circular Economy Forum (WCEF) 2026 is being organized in Gandhinagar, Gujarat, from September 15 to 18; this marks the first time the event is being held in South Asia. Its theme is "Circular Economy: Transformation for People and Prosperity," emphasizing resource reuse, recycling, and sustainable production. Over 2,000 delegates from more than 65 countries will discuss finance, investment, innovation, digitalization, technology, and sustainable development. WCEF 2026 will strengthen India's role within the Global South and bolster international cooperation in the fields of sustainable consumption, production, and the circular economy.**

### 5. WPI inflation rises to 9.92% in August 2026 — Sharp price pressure in fuel and power

India's WPI-based inflation rose to 9.92% in August 2026, up from 9.78% in July (based on the 2022-23 base year). The fuel and power sector recorded the highest inflation at 22.93%, while inflation stood at 7.76% for primary articles and 8.37% for manufactured products. Inflation in the WPI food index also increased to 7.05%, signaling rising price pressures on food items. While WPI measures wholesale prices, CPI measures retail prices; CPI-based inflation serves as the key indicator for the RBI's monetary policy.




### 6. Major Milestone in India's 'Artificial Sun' Mission—82.6 GHz Gyrotron Installed in SST-1 Tokamak

An 82.6 GHz, 400 kW gyrotron has been installed on the SST-1 tokamak at the Institute for Plasma Research in Gujarat, a move that will boost research into controlled nuclear fusion. In the SST-1, ultra-hot plasma—required for a fusion process similar to that of the Sun—is controlled via magnetic confinement. The new gyrotron will assist in heating the plasma using high-frequency microwave energy and maintaining it for extended periods. Controlled fusion is a potential clean energy technology for the future, capable of playing a pivotal role in India's energy security and the transition to a low-carbon economy.



### 7. India Emphasizes 'Global South' and Tangible Outcomes at the 18th BRICS Summit

At the conclusion of the 18th BRICS Summit in New Delhi, India handed over the presidency to China, which will host the 19th BRICS Summit in 2027. Prime Minister Narendra Modi emphasized the need for tangible, result-oriented cooperation within BRICS—moving beyond mere declarations—and highlighted the importance of prioritizing the interests of the Global South. Chinese President Xi Jinping also stressed the need to strengthen BRICS' active role in international affairs and its representation of Global South interests.




### 8. World Ozone Day — Ozone Layer Protection and Global Environmental Cooperation

World Ozone Day is observed annually on September 16 to raise awareness about the importance of the ozone layer and the need for its protection. The Montreal Protocol was signed on September 16, 1987, and the United Nations designated this date as World Ozone Day in 1994. Substances such as CFCs, halons, and other ozone-depleting substances damage the ozone layer, potentially impacting human health and ecosystems. The Montreal Protocol and the 2016 Kigali Amendment have played a crucial role in ozone protection, and India is a signatory to these agreements.



**1. Who won the 2026 US Open Men's Singles title?**

A - Ben Shelton
B - Alexander Zverev
C - Andy Roddick
D - Jannik Sinner

Germany's Alexander Zverev won the 2026 US Open Men's Singles title by defeating Ben Shelton 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2. With this victory, Zverev secured his second Grand Slam title of 2026, while Andy Roddick remains the last American male US Open champion (from 2003).



**2. How many times has India won the Women's Asia Cup title?**

A - Sixth time
B - Seventh time
C - Eighth time
D - Ninth time

India won the Women's Asia Cup title for a record eighth time by defeating Sri Lanka and remained unbeaten throughout the tournament. Following the fastest half-century by Shafali Verma and a 59-run innings by Smriti Mandhana, Indian spinners delivered a brilliant performance to seal the victory.




**3. In how many categories did India win the title at the AHF Junior Asia Cup 2026?**

A - One
B - Two
C - Three
D - Four

India achieved a double championship by winning titles in both the men's and women's categories at the AHF Junior Asia Cup 2026 held in Moki, China. The women's team defeated China 1-0 and the men's team defeated South Korea 4-1; Anmol Ekka was the top scorer with 17 goals.



**4. Representatives from more than how many countries are participating in WCEF 2026?**

A - 25
B - 40
C - 50
D - 65

The World Circular Economy Forum (WCEF) 2026 is being organized in Gandhinagar, Gujarat, from September 15–18, 2026; this marks the event's first edition in South Asia. Centered on the theme "Circular Economy: Transformation for People and Prosperity," the forum will promote sustainable production, recycling, innovation, and Global South cooperation, bringing together over 2,000 delegates from more than 65 countries.



**5. What was India's WPI inflation in August 2026?**

A - 7.76%
B - 8.37%
C - 9.92%
D - 22.93%

India's WPI inflation rose to 9.92% in August 2026, up from 9.78% in July; the highest inflation of 22.93% was recorded in the fuel and power sector. The base year for WPI is 2022-23, and it measures wholesale prices, whereas CPI measures retail prices and serves as the key indicator for the RBI's monetary policy.



**6. Where is the SST-1 Tokamak located?**

A - Maharashtra
B - Gujarat
C - Tamil Nadu
D - Rajasthan

An 82.6 GHz, 400 kW gyrotron has been installed on the SST-1 Tokamak at the Institute for Plasma Research in Gujarat; this will aid in plasma heating and controlled nuclear fusion research. Controlled nuclear fusion is considered a potential future clean and low-carbon energy technology that could play a crucial role in India's energy security.



**7. Who will host the 19th BRICS Summit?**

A - India
B - China
C - Russia
D - Brazil

At the conclusion of the 18th BRICS Summit in New Delhi, India handed over the presidency for the 2027 19th BRICS Summit to China, while Prime Minister Narendra Modi emphasized concrete and result-oriented cooperation. Xi Jinping spoke about strengthening the interests and international role of the Global South within BRICS, and a bilateral meeting between India and China also took place during the summit.




**8. When was the Montreal Protocol signed?**

A - 1972
B - 1985
C - 1987
D - 1994

World Ozone Day is observed on September 16; the Montreal Protocol was signed on this day in 1987, and the United Nations declared it World Ozone Day in 1994. CFCs and other ozone-depleting substances damage the ozone layer, whereas the Montreal Protocol and the 2016 Kigali Amendment have played a significant role in its preservation.



# One Liner

1. Who won the 2026 US Open men's singles title? - Alexander Zverev

2. For the record-breaking how many-th time did India win the Women's Asia Cup title? - Eighth time

3. In which Indian city is the WCEF 2026 being organized? - Gandhinagar, Gujarat

4. Which American player did Alexander Zverev defeat in the 2026 US Open final? - Ben Shelton

5. Which Indian player became the fastest to score a half-century in the Women's T20 Asia Cup? - Shafali Verma

6. On which date is World Ozone Day observed every year? - September 16

7. What was India's WPI-based inflation rate in August 2026? - 9.92%

8. In which two categories did India win titles at the AHF Junior Asia Cup 2026? - Men's and Women's Hockey

9. What are the frequency and power of the new gyrotron installed on the SST-1 tokamak? - 82.6 GHz and 400 kW

10. Which Indian player scored the highest number of goals (17) in the men's category at the AHF Junior Asia Cup 2026? - Anmol Ekka

Contact No. - 7891099005, 7891099006